दिनांकः 30.10.2025 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज गुजरात के केवड़िया में 1 हज़ार 140 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का उद्‌घाटन और शिलान्यास करेंगे।
- मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने एसआईआर प्रक्रिया को लेकर जिलेवार समीक्षा की–7 जिलों के नगर निगम आयुक्तों को अतिरिक्त जिला निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया गया।
- देश की तीनों सेनाओं का संयुक्त युद्धाभ्यास त्रिशूल आज से जैसलमेर में।
- विश्व प्रसिद्ध पुष्कर मेले के तहत धार्मिक सांस्कृतिक मेला आज से शुरू हो रहा है।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज से गुजरात के दो दिन के दौरे पर हैं। वे आज केवड़िया के एकता नगर में एक हज़ार 140 करोड़ रुपये से अधिक की बुनियादी ढाँचा और विकास परियोजनाओं का उद्‌घाटन और शिलान्यास करेंगे। इन परियोजनाओं में राजपीपला में बिरसा मुंडा जनजातीय विश्वविद्यालय और वामन वृक्ष वाटिका शामिल हैं। इसके अलावा श्री मोदी भारत के शाही राज्यों के संग्रहालय, खेल परिसर और स्टैच्यू ऑफ़ यूनिटी पर ट्रैवलेटर्स सहित विभिन्न परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे।
प्रधानमंत्री कल राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह में भाग लेंगे और सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। श्री मोदी समारोह के दौरान एकता दिवस शपथ और एकता दिवस परेड में भी भाग लेंगे।

000

केंद्रीय मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने देशवासियों से सरदार वल्लभ भाई पटेल के जीवन से प्रेरणा लेकर विकसित भारत के निर्माण का आह्वान किया है। उन्होंने कल नई दिल्ली स्थित आकाशवाणी भवन में सरदार पटेल स्मृति व्याख्यान–2025 में कहा कि सरदार पटेल देश के लिए एक विरासत, विचार और संस्था हैं। डॉ. मांडविया ने कहा कि उन्हें अखंड भारत के निर्माता के रूप में याद किया जाता है।

............

व्याख्यान की रिकॉर्डिंग कल सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर आकाशवाणी के समूचे नेटवर्क पर प्रसारित की जाएगी।

000

भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के उपलक्ष में प्रदेशभर में 1 नवम्बर से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे। जनजाति गौरव वर्ष के तहत होने वाले ये कार्यक्रम 15 नवम्बर तक चलेंगे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कल इस संबंध में अधिकारियों की बैठक लेकर तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने रोजाना गतिविधियां आयोजित कर बिरसा मुंडा के प्रेरणादायी जीवन को जन–जन तक पहुंचाने को कहा। साथ ही विभागों को आपसी तालमेल से कार्यक्रमों का सफल आयोजन करने के निर्देश दिये।
मुख्यमंत्री ने 24 नवम्बर से शुरू हो रहे खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स की तैयारियों की भी समीक्षा की। उन्होंने इन खेलों का व्यापक स्तर पर प्रचार–प्रसार करने को कहा, ताकि अधिक से अधिक युवाओं को इनसे जोड़ा जा सके।

000

केन्द्रीय वन और पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव ने कल बहरोड़ में अलवर सांसद खेल उत्सव के दूसरे चरण का शुभारंभ किया। उद्‌घाटन समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि इस खेल उत्सव का उद्देश्य उत्कृष्ट प्रतिभाओं को उचित मंच उपलब्ध कराना है। इसके साथ ही खेल भावना को बढ़ाने

के साथ खेल इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करना है। श्री यादव ने लोगों से इन खेलों से जुड़कर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करने का आह्वान किया।

...............

000

राज्य में अगले साल 7 फरवरी तक मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण–एसआईआर किया जाएगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने 28 अक्टूबर से शुरू हुई एसआईआर प्रक्रिया की कल वीडियो कॉन्फ्रेन्स के माध्यम से जिलेवार समीक्षा की। उन्होंने सभी संभागीय आयुक्त और जिला निर्वाचन अधिकारियों को इस संबंध में निर्देश दिए। श्री महाजन ने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया के लिए सभी बीएलओ और बीएलओ पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है, जल्द ही इनके लिए रिफ्रेशर सत्र आयोजित किये जाएंगे। साथ ही वॉलन्टीयर्स और हेल्पडेस्क कार्मिकों को भी प्रशिक्षण दिया जाएगा।
मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि राज्य में अब तक 70 प्रतिशत मतदाताओं की मैपिंग की जा चुकी है। वहीं 7 जिलों के नगर–निगमों के आयुक्तों को अतिरिक्त जिला निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया गया है। इनमें जयपुर, जोधपुर, कोटा, अजमेर, उदयपुर, बीकानेर और भरतपुर शामिल हैं।

000

देश की तीनों सेनाओं का संयुक्त युद्धाभ्यास त्रिशूल आज से जैसलमेर में शुरू हो रहा है। इसमें थल सेना, नौसेना और वायुसेना के करीब तीस हजार जवान शामिल होंगे। 10 नवम्बर तक चलने वाले इस युद्धाभ्यास में काउंटर ड्रॉन सिस्टम, इलेक्ट्रोनिक वॉर फेयर और स्पेक्ट्रम मॉनिटरिंग पर विशेष फोकस रहेगा। और ब्यौरा हमारे संवाददाता से –

...............

000

केंद्रीय संचार ब्यूरो कोटा की ओर से बूंदी में आज से मल्टीमीडिया प्रदर्शनी लगाई जा रही है। दो दिन की ये प्रदर्शनी पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित की गई है। यह प्रदर्शनी केंद्र सरकार की 11 साल की उपलब्धियों, 'जीएसटी बचत उत्सव' और 'राष्ट्रीय एकता दिवस' विषयों पर केंद्रित है। प्रदर्शनी के दौरान विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी देने के लिए तकनीकी सत्र और 'राष्ट्रीय एकता' विषय पर आधारित प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी।

000

विश्व प्रसिद्ध पुष्कर मेले के तहत धार्मिक सांस्कृतिक मेला आज से शुरू हो रहा है। पांच नवम्बर तक चलने वाले इस मेले का आगाज ब्रम्हा मंदिर में आरती के साथ होगा। हमारी अजमेर संवाददाता ने बताया कि इस दौरान पर्यटन विभाग और जिला प्रशासन की ओर से कई तरह की प्रतियोगिताओं और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा।

000

प्रदेश में पिछले 24 घंटों में कई स्थानों पर बारिश हुई। राजधानी जयपुर में कल रात से शुरू हुआ रिमझिम बरसात का दौर आज सुबह तक चला। भरतपुर में भी रातभर हल्की बारिश होती रही। सवाईमाधोपुर में सुबह से बादल छाये हुए हैं और बूंदाबांदी हो रही है।
मौसम विभाग के अनुसार आज भी राज्य के दक्षिण–पूर्वी हिस्सों में हल्की बारिश की गतिविधियां बनी रहने की संभावना है। हालांकि भारी बरसात में कमी आएगी। उदयपुर और कोटा संभाग तथा आस–पास के जिलों में अगले चार–पांच दिन बारिश का पूर्वानुमान है। इस बीच, बरसात से तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। राज्य के दक्षिण–पूर्वी हिस्सों में दिन के तापमान में 5 से 12 डिग्री की गिरावट रिकॉर्ड हुई है। इससे सर्दी का असर बढ़ गया है।

000